# खाटू वाले बाबा श्याम तेरे दर्शन के अभिलाषी आए हैं लिरिक्स

खाटू वाले बाबा श्याम,
तेरे दर्शन के अभिलाषी आए हैं,
तेरे द्वार बंद हैं दर्शन दो,
खाटु वाले बाबा श्याम।bd।

तर्ज – ढफली वाले।

---

भारत वर्ष में सबसे सुन्दर,
तेरा ही मंदिर लगे है,
दूर दूर से भक्त हैं आकर,
तेरे दर्शन को खड़े हैं,
ये ठंडी हवाएं,
मन शीतल हो जाए,
तेरे द्वार पे जो भी आए,
खाटु वाले बाबा श्याम।bd।

---

तेरे मंदिर की छटा निराली,
कोई भी जाये ना खाली,
सच्चे मन से जो कोई आए,
दर्शन पाए सवाली,
ओ बाबा तुम्हारा,
ये सारा नज़ारा,
लगे पर्वतों की शिखाएं,
खाटु वाले बाबा श्याम।bd।

---

सारे दु:ख हरलो इन भक्तों के,
आये कष्ट उठा के
दर्शन दे दो तब जायेंगे,
भजन श्याम तेरे गा के,
तू ही तू सहारा,
हारे का सहारा,
तू ही तू सहारा,
ओ बाबा हमारा,
अब सारे दु:ख हर लो जी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

खाटु वाले बाबा श्याम।bd।

बाबा तुम हो दया के सागर,
सारे जग के दाता,
'अमित' को बाबा तुमने बनाया,
तुम ही हो भाग्य विधाता,
तेरे बिन हमारा,
है जीवन ये सारा,
लगे बहती नदियों की धारा,
खाटु वाले बाबा श्याम।bd।

---

खाटू वाले बाबा श्याम,
तेरे दर्शन के अभिलाषी आए हैं,
तेरे द्वार बंद हैं दर्शन दो,
खाटु वाले बाबा श्याम।bd।

**Singer & Writer – Amit Sharma**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com